Need to include Bania and Vaish castes in the Central list of OBCs

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): सिंदुरिया, बनिया, कथबनिया, कैथल वैश्य तीनो एक ही जाति है। बिहार समेत देश के विभिन्न क्षेत्रों में ये तीनो अलग-अलग नामों से पुकारे एवं जाने जाते है। तीनो के बीच सदियों से बेटी-रोटी का रिश्ता कायम होकर चला आ रहा है। केंद्रीय ओ.बी.सी सूची में कथबनिया, कैथल वैश्य का नाम सिंदुरिया बनिया के समकक्ष दर्ज नहीं रहने के कारण इस समाज के बच्चे को केंद्रीय सेवा में आरक्षण के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। बिहार सरकार के ई.बी.सी सूची में सिंदुरिया बनिया के साथ कथबनिया, कैथल वैश्य का नाम क्रमांक 110 पर सामान रूप से दर्ज है । कृपया कथबनिया, कैथल वैश्य जाति को सेंट्रल ओ.बी.सी. सूची के क्रमांक 83 पर अंकित सिंदुरिया बनिया के समकक्ष जोड़ने की कृपा की जाए ।